बरेली, गुरुवार
18 दिसंबर 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO I : BOTTOM

# दूसरे दिन 'कोहरा' रहा नाबाद, नहीं फेंकी जा सकी एक भी बाल

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेली जा रहे कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 क्रिकेट मैच के दूसरे दिन बुधवार को कोहरा नाबाद रहा। दोनों टीम के खिलाड़ी, अंपायर, आयोजकों के साथ दर्शक धूप निकलने व दृश्यता बेहतर होने का इंतजार करते रहे, लेकिन पूरे दिन एक भी बाल का खेल संभव नहीं हो सका। खिलाड़ियों ने खुद को सक्रिय रखने के लिए कुर्सियों का ही नेट बनाकर फुटबाल खेलकर समय बिताया।

लगातार खराब हालात को देखते हुए शाम चार बजे अंपायर पाराशर जोशी और आर. राजेश कैनन से विचार-विमर्श के बाद मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने दिन का खेल रद करने की घोषणा की। इससे पहले मंगलवार को खेले गए पहले दिन भी कोहरे और खराब रोशनी ने मैच को प्रभावित किया था। सोमवार को भी धूप निकलने के बाद दोपहर 2:40 बजे खेल शुरू हो सका था, लेकिन सिर्फ 17 ओवर ही फेंके जा सके।



एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में कुर्सियों का नेट बनाकर फुटबाल खेलते क्रिकेटर • सौ. बीसीए

पहले दिन बंगाल की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए थे। बंगाल के लिए आत्मजा मंडल ने 21 गेंदों पर 10 रन, कप्तान चंद्रहास दाश ने 25 गेंदों पर 27 रन और आशुतोष कुमार ने 16 गेंदों पर नौ रन बनाए। खराब रोशनी के चलते अंपायरों ने बैड लाइट की अपील स्वीकार कर मैच रोक दिया था। फिलहाल बंगाल के आदित्य राय 38 गेंदों पर 35 रन और अभिप्राय बिस्वास 2 गेंदों पर 4 रन बनाकर नाबाद हैं। मौसम की मार के चलते मैच में आगे की स्थिति पर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

## कूच विहार ट्राफी

- कुर्सियों का नेट बनाकर खिलाड़ियों ने खेला फुटबाल
- अंपायरों से बात कर मैच रेफरी ने रद किया दिन का खेल

### खराब मौसम पश्चिम बंगाल को कर सकता बाहर

बीसीए के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि अगले दो दिन मौसम साफ रहे तो उसी दौरान के प्रदर्शन के आधार पर हार जीत सुनिश्चित होगी। मैच नहीं होने की स्थिति में दोनों टीमों को दो-दो अंक मिल जाएंगे। ऐसे में उत्तर प्रदेश की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगी और पश्चिम बंगाल की टीम बाहर हो जाएगी। ऐसे में मौसम का साफ होना पश्चिम बंगाल की टीम के लिए बहुत जरूरी है।